**विचारार्थ विषय**
**परामर्शदाता- आईटी (एनसीडी- सीपीएचसी सॉफ्टवेयर)**

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

**उक्त पद के लिए विचारार्थ मुद्दे निम्नानुसार हैः-**

1. **भूमिका एवं उत्तरदायित्व**

(i) सरकार की आईटी संस्थाओं के अलावा सॉफ्टवेयर विकासकर्ता और कार्यान्वियन साझेदार के साथ सम्पर्क ।

(ii) सॉफ्टवेयर औजारों के साथ आवश्यकता का मूल्यांकन और अंतर विश्लेषण।

(iii) तिमाही प्रकाशन के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों से एमआईएस रिपोर्टों का एकत्रण, संकलन एवं विश्लेषण।

(iv) परिणामी बजट एवं परिणाम कार्यढांचा दस्तावेज (आरएफडी) लक्ष्यों आदि के लिए रिपोर्ट तैयार करना और उपलब्धियां।

(v) विभिन्न संकेतकों और अपेक्षाओं का उपयोग करते हुए जिलों और राज्यों के लिए कार्य अभिकेन्द्रित मॉनीटरी की आयोजना करना। राज्यों की प्रगति रिपोर्ट।

(vi) नए एमआईएस फॉर्मेट की तैयारी और एमआईएस प्रकाशन के लिए सहायता करना।

(vii) संसाधन दस्तावेज तैयार करने में तकनीकी आदान सामग्री।

(viii) यदा कदा सौंपा गया अन्य कोई कार्य।

(ix) समय-समय पर सौंपा जाने वाला अन्य किसी कार्य को निष्पादित करना।

2. **अर्हता एवं अनुभवः**

**अनिवार्य:**
कम्प्यूटर अनुप्रयोग/कम्प्यूटर विज्ञान/सूचना प्रौद्योगिकी में स्नातकोत्तर डिग्री/इंजीनियरिंग डिग्री के साथ सबंधित क्षेत्र में 2 वर्ष से अधिक कार्यकाल का अनुभव।

**वांछनीय**

(i) डॉटा प्रोसेसिंग, विश्लेषण संबंधी प्रौद्योगिकियों।

(ii) स्वास्थ्य परिचर्या से संबंधित सॉफ्टवेयर के कार्य में अनुभव।

3. **आयु सीमाः** 40 वर्ष
4. **पारिश्रमिकः** 60,000 रु. से 90,000 रु./ प्रतिमाह (समायोजित)
5. **रिपोर्टिंग अधिकारीः** निदेशक (एनसीडी), स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय।
6. **तैनाती का स्थानः** नई दिल्ली।

**टिप्पणीः**

i. अभ्यर्थी को डाटा एकत्रण, बेसिक विश्लेषण, इंटरनेट उपयोग तथा प्रस्तुतिकरण के लिए वर्डस प्रोसेसिंग वर्कशीट्स में कम्प्यूटर के उपयोग से अवगत होना चाहिए।
ii. अभ्यर्थी को निगरानी और पर्यवेक्षण के लिए व्यापक रूप से दौरा करने होंगे।
iii. आयु सीमा का आंकलन आवेदन प्राप्त होनी की अंतिम तिथि के अनुसार होगा।
iv. कार्यकालः पद पर नियुक्ति की तारीख से एक वर्ष, जिसे प्राथमिकता और पारस्परिक रूप से सहमति हुए नियमों और शर्तों के अनुसार योजना के नियमं तथा दिशानिर्देशों के अनुसार बढ़ाया जा सकता है।
v. योग्यता और अनुभव के आधार पर पारितोषिक का श्रेणी सीमा निर्धारित की जाएगी।

आवेदन करने के लिए:

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **1-Nov-2018** तक ncd.nhsrc@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।